newsjankalyanseva@gmail.com

साप्ताहिक

जनकल्याण सेवा

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ३४ | ११ से १७ सितंबर २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

संपादकीय

संपादक सीमा गुप्ता

गलत धारना के शिकार

अमान्य विवाह को भले कानूनी और सामाजिक दृष्ठि से मंजूरी न दिए जाने की व्यवस्था रही है, लेकिन ऐसे रिश्ते में बच्चे के जन्म को अवैध न मान कर माता-पिता के संबंध से स्वतंत्र रूप से देखा जाना चाहिए। यह सवाल लंबे समय से विवाद का विषय बना हुआ था कि अमान्य विवाह की स्थिति में पैदा बच्चे को पिता की संपत्ति में हिस्सा मिलना चाहिए या नहीं। अब सर्वोच्च न्यायालय ने इस मसले पर जिस तरह एक स्पष्ठ फैसला सुनाया है, वह न केवल अधिकारों के लिहाज से महत्त्वपूर्ण है, बल्कि खासकर बच्चे के जीवन और अस्मिता को लेकर एक ऐतिहासिक नजरिया भी है। करीब तेरह साल पुरानी याचिका पर फैसला सुनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि शून्य या अमान्य ठहराए गए विवाह से पैदा बच्चे को भी वैध माना जाएगा। साथ ही, हिंदू विवाह अधिनियम १६(२) के मुताबिक, जिन मामलों में अमान्य विवाह को रद्द कर दिया गया हो, तो उसके फैसले से पहले पैदा हुआ बच्चा भी कानूनी हक रखता है। अदालत ने कहा कि किसी भी अमान्य विवाह से जन्म लेने वाली संतान का उनके माता-पिता की अर्जित और पैतृक संपत्ति में अधिकार होगा। ऐसे मामलों में बेटियां भी संपत्ति में बराबर की हकदार होंगी। हालांकि यह फैसला हिंदू मिताक्षरा कानून के तहत हिंदू परिवारों की संपत्तियों पर ही लागू होगा। दरअसल, भारत में विवाह की कानूनी व्यवस्था में पहली पत्नी के रहते दूसरा विवाह और उससे जन्म लेने वाली संतान को लेकर आम सामाजिक दृष्ठि और उसके कानूनी अधिकारों को लेकर एक जटिल परंपरा कायम रही है। अब तक प्रचलित व्यवस्था में विवाहित पुरुष के किसी अन्य स्त्री से विवाह को कानूनी दर्जा नहीं दिया जाता है। इस तरह ऐसे संबंधों में जन्म लेने वाले बच्चे को लेकर भी लोग कई तरह की गलत धारणा के शिकार होते हैं। मसलन, आमतौर पर ऐसी स्थिति में बच्चे को अवैध कह दिया जाता है। इससे उपजे भावनात्मक या मानसिक दंश को सिर्फ वही समझ सकता है, जो इसकी पीड़ा से गुजर रहा होता है। यह अपने आप में एक बड़ी विडंबना है कि जिस बात के लिए बच्चा कहीं से जिम्मेदार नहीं है, उसकी वजह से उसके बारे में लोगों की राय बेहद संवेदनहीन और उसके अस्तित्व को खारिज करने वाली देखी जाती है। अवैध होने के आरोप और इससे जुड़ी पहचान बेहद अपमानजनक और पीड़ादायक भी होती है, जो किसी भी व्यक्ति के स्वाभाविक जीवन को बाधित करती है। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले की अहमियत इस बात में भी है कि यह आम समाज में प्रचलित धारणा को तोड़ने में सहायक होगी।

इसके अलावा, समाज और कानून की नजर में अमान्य विवाहों की

पुलिसकमी पर जानलेवा हमला करने वाला पहुंचा हवालात

जेकेएस संवाददाता

मीरा-भाईंदर : रविवार रात एक पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमला कर लॉकअप से फरार हुए आरोपी को पुलिस ने २४ घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी हफूल अली सेंट्रल क्राइम ब्रांच के एक पुलिसकर्मी पर जानलेवा हमला कर हथकडी के साथ ही फरार हो गया था। क्राइम ब्रांच के एसीपी अमोल मांडवे ने बताया कि आरोपी अपने गांव भाग रहा था। वह पश्चिम बंगाल की ट्रेन पकड.पर कोलकाता जा रहा था। उसे सीएसएमटी से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को पकडऩे के लिए सीसीटीवी की मदद ली गई। पीआई अविराज कुराडे ने बताया पिछले २४ घंटे में २०० से अधिक सीसीटीवी कैमरे को खंगाले गए। आरोपी पुलिसकर्मी पर हमला कर उनका मोबाइल भी ले गया था।

फायर सेफ्टी रिजर्व फंड और पेंशन रिजर्व फंड से निकाली गई ३० करोड की रकम अवैध

जेकेएस संवाददाता

भाईंदर मिरा भाईंदर महानगरपालिका का मामला सामने आया हे नगर निगम के पूर्व नगरसेवक अजित पाटील ने कमिशनर को निवेदन दिया परंतु राज्य के हर नगर निगम में फायर सेफ्टी रिजर्व निधि और पेंशन आरक्षित निधि की स्थापना के प्रावधान के तहत नगरपालिका के लिए एक आरक्षित निधि स्थापित करना और उसका उपयोग करना अनिवार्य है, साथ ही विनियोग के संबंध में सरकार द्वारा निर्धारित नियम के अनुसार महानगरपालिका को कार्रवाई करना अनिवार्य है। जबकि मामला यही है प्रशासन द्वारा प्रशासनिक संकल्प संख्या ९७ दिनांक १५ जून २०२३ के अनुसार इन रिजर्व फंड से करीब

३० करोड.की रकम निकाली है। पूर्व नगरसेवक अजीत पाटिल ने अधिकारों के हनन का आरोप किया है, इसकी जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की माग की है। उन्होंने कमिश्नर संजय काटकर से मांग की है, उन्होंने दावा किया है कि रिजर्व फंड से रकम निकालने के लिए सरकार की पूर्व अनुमति जरूरी थी, लेकिन मान्यता नही ली. सरकार ने महाराष्ट्र अग्नि निवारण और जीवन रक्षक उपाय अधिनियम, २००६ के नियम ३ के अनुसार नगर पालिका के किसी भी आरक्षित निधि से धन के उपयोग और उसकी निकासी पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिसमें अग्नि सुरक्षा निधि स्थापित या बनाई गई है।अध्याय एक विशेष कोष की स्थापना. उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा आरक्षित निधि के उपयोग पर लगाए गए प्रतिबंध के अनुसार आरक्षित निधि का उपयोग इस प्रयोजन के अलावा किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जा सकता है। साथ ही, राज्य सरकार की पूर्वाअनुमति के बिना निधि का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिए नहीं किया जा सकता है, न ही पेंशन निधी से कोई भी राशि सरकार की पूर्वाअनुमति के बिना किसी अन्य प्रयोजन के लिए खर्च की जा सकती है। इसके बावजूद पाटिल ने कहा है कि फायर सेफ्टी रिजर्व फंड और पेंशन रिजर्व फंड से निकाली गई ३० करोड़ की रकम अवैध है. नगर पालिका को देय आय जैसे संपत्ति कर, जल कर, रिक्त भूमि कर आदि का १०० प्रतिशत संग्रह करना आवश्यक था। लेकिन नगर पालिका पर वसूली नहीं होने का आरोप लगाते हुए बताया गया है कि पिछले ३ से ४ साल से नगर पालिका का आंतरिक ऑडिट ही नहीं हुआ है. उन्होंने आयुक्त से इस तरह अपने अधिकार का दुरुपयोग करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने राम कदम की दहीहंडी में की शिरकत

मुंबई। घाटकोपर विधायक राम कदम ने भारत की सबसे बडी दहीहंडी लगाई थी इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे घाटकोपर मे विधायक राम कदम के मंच पर दिखे शिंद ने जय श्री राम का नारा लगाकर घाटकोपर वासियों को शुभकामनाये दी. उप मुख्य मंत्री विधायक के परममित्र देवेंद्र फडणवीस भी आये थे इसी अवसर पर भाजप के नेता आशिष शेलार भी मंच पर दिखे भारत की सबसे बडी दहीहंडी के मोके पर कलाकार पद्मिनी कोल्हापूरी के साथ कई कलाकारोने हाजरी लगाई विधायक राम कदम घाटकोपर मे दहीहंडी का उत्सव बडे. धूमधाम से मानते हे घाटकोपर की हंडी फोडने का उत्साह युवाओं में दिखाई देता है दहीहंडी के इस अवसर पर कई मान्यवर नेता, कलाकार, ओर विधायक के गुरुजी मंच पर दिखे साथ ही साथ विधायक राम कदम की धर्मपत्नी सौ. वर्षा राम कदम ओर उनके पुत्र कु. ओम राम कदम मंच पर दिखे विधायक के मित्र सहकारी भाजप के कार्यकर्ते गोविधा पथकोको समभालते नजर आये चंद्रकांत मालकर, अशोक दुबे, विजय पौराणिक, अनिल निर्मले राम कदम के साथ दिखाई दिये दिनभर बरसात होणे के बावजुद भी गोविंदा ओने आनंद उत्सव मे दहीहंडी फोडणेका साहस किया सभी नेतावाने काहा राम कदम का काम बहुत अच्छा हे इसी अवसर पर पद्मिनी कोल्हापूरी ने कहा विधायक राम कदम को ६०,००० बेहनों ने राखी बांधी एसा पद्मिनी कोल्हापूरी ने काहा विधायक राम कदम ने घाटकोपर वासियो को दहीहंडी शुभ अवसर पर शुभकामना दी लोगो को बोल बजरंग बलिका नारा गुंज उठा था घाटकोपर मे.

एड रवि व्यास के जन्मदिन पर बधाईयों का लगा तांता

जेकेएस संवाददाता

भायंदर। भाजपा के मीरा-भायंदर विधानसभा चुनाव प्रमुख एड रवि व्यास का जन्मदिन धूमधाम पूर्वक मैक्सस मॉल ग्राउंड, भायंदर पश्चिम में नरसिम्हा ग्रुप द्वारा भव्य दही हंडी के आयोजन के बीच मनाया गया। इस दौरान भाजपा के सृष्ठि मंडल बूथ संयोजक नवीन सिंह ने एड रवि व्यास को केक खिलाकर तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि हम सभी एड रवि व्यास को मीरा-भायंदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक तथा नरसिम्हा ग्रुप के अध्यक्ष अजय सिंह राजपूत, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजन पांडेय, कोषाध्यक्ष सुरेश खंडेलवाल, जिला सचिव प्रवीण राय, अभिषेक मिश्रा कृष्ण कुमार तिवारी, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष दरोगा पांडेय, सोनल सावंत, सरिता शिंदे समेत बड़ी तादाद में पदाधिकारी, पूर्व नगरसेवक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

ऑफलाइन पद्धति से भ्रष्टाचार को बढावा मिलेगा - मालुसरे

जेकेएस संवाददाता

भाईंदर: एक तरफ केंद्र सरकार प्रशासन को पारदर्शी बनाने के मकसद से सभी विभागों के डिजिटलाइजेशन पर जोर दे रही है, वहीं महाराष्ट्र की शिंदे सरकार पहले से डिजिटल प्रक्रिया को ऑफलाइन कर रही। है। नगर विकास विभाग के १ सितंबर को जारी आदेश में सभी महानगरपालिकाओं (मुंबई को छोडक़र), विकास प्राधिकरणों और अन्य विभागों को बिल्डिंग निर्माण की सभी प्रशासनिक प्रक्रियाओं को ऑफलाइन करने के लिए कहा गया है। पहले यह सारी प्रक्रिया ऑनलाइन थी। राज्य की सभी महानगरपालिकाओं, जिला परिषदों और अन्य विकास प्राधिकरणों के अधीन होने वाले इमारत निर्माण की एक नियमावली है। इमारत निर्माण से पहले संबंधित विल्डर, निर्माणकर्ता, जमीन मालिक आदि को संबंधित विभाग से समय- समय में इजाजत, एनओसी (सीसी, ओसी आदि) लेने पडते थे। अब तक यह सारी प्रक्रिया महाराष्ठ्र सरकार की महा आईटी कंपनी द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर प्रणाली पर ऑनलाइन पूरी की जाती थी, लेकिन अब सरकार कह रही है। में कुछ तकनीकी कमी है, जिसके चलते अगले ४ महीने तक इस पर रोक लगा दी गई है। अब ये सारी प्रक्रियाएं ऑफलाइन होंगी। पूर्व नगरसेवक रोहित सुवर्णा का कहना है कि सरकार के इस आदेश से पारदर्शिता में कमी आएगी। भ्रष्ठाचार को बढावा मिलेगा। 'महा आईटी' बडी कंपनी है। तकनीकी कमी बताकर सारी प्रक्रिया को ऑफलाइन करना सरकार की नीयत पर सवाल उठाता है। एनसीपी के पूर्व जिलाध्यक्ष अंकुश मालुसरे का आरोप है कि नगर रचना विभाग मलाईदार विभाग है। यह सीएम के अधीन आता है। ऑफलाइन पद्धति से भ्रष्टाचार को बढावा मिलेगा। लग रहा है शिंदे सरकार चुनावी खर्च जमा कर रही है। एक बिल्डर ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि नगर रचना विभागों में हर काम की कीमत प्रतिवर्ग फीट के हिसाब से तय है। ऑनलाइन पद्धति से थोडी पारदर्शिता रहती है।

चिनप्पा की नियुक्ति से खुशी की लहर, पूर्व पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे ने दी बधाई

जेकेएस संवाददाता

मीरारोड : शिवसेना के कट्टर समर्थक तथा पर्यावरण व प्राणी मित्र मोजेस चिनप्पा की नियुक्ति शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के मीरा भायंदर उपजिलाप्रमुख (वार्ड क्रमांक १३) पद पर की गई है। सांसद सांसद राजन विचारे मीरा भायंदर संपर्क प्रमुख विनोद घोसालकर, जिलाप्रमुख प्रभाकर महात्रे, उपजिलाप्रमुख शंकर विरकर आदि के उपस्थिति में मातोश्री पर उद्धव ठाकरे ने शिव बंधन बांधकर चिनप्पा को उपजिलाप्रमुख पद की जिम्मेदारी सौंपी। इस अवसर पर कई मुस्लिम युवकों ने भी शिवसेना (यूबीटी) में प्रवेश किया। चिनप्पा पिछले कई वर्षों से शिवसेना के शाखाप्रमुख पद पर कार्य कर रहे थे। पार्टी और संगठन के कार्य के साथ -साथ मोजेस चिनप्पा फाउंडेशन के माध्यम से वे मूक जानवरों की सेवा,जरूरतमंदों की मदद करने में सदैव सक्रिय रहते हैं। मीरा भायंदर शहर उपजिलाप्रमुख पद पर अपनी नियुक्ति के लिए चिनप्पा ने पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे का आभार व्यक्त किया और पार्टी के प्रति एकनिष्ट रहते हुए अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्यों का ईमानदारी और मेहनत से निर्वहन करने का वचन दिया।इस अवसर पर पूर्व पर्यावरण मंत्री और युवासेना प्रमुख आदित्य ठाकरे ने भी चिनप्पा को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी।

प्रताप फाउंडेशन की दहीहंडी में उमडा जनसैलाब, कलाकारों ने बांधा समा

जेकेएस संवाददाता

भायंदर: देश में दहीहंडी की धूम से देशवासी सरोबार हुए. इसी क्रम में बरसात के बावजूद मीरा भायंदर में दही हांडी की धूम रही। सामाजिक तथा सांस्कृतिक संस्था प्रताप फाउंडेशन द्वारा विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी मीरा रोड के शांति पार्क स्थित बैंक आफ इंडिया के पास भव्य दहीहंडी उत्सव का आयोजन किया गया। रात ११ बजे तक गोविंद पथकों का लगातार आना जारी रहा। कुल १४३ गोविंदा पथकों ने दहीहांडी को सलामी दी। सभी गोविंद पथकों को आकर्षक ट्रॉफी और नगद पुरस्कार प्रदान दिए गए। प्रताप फाउंडेशन द्वारा ११लाख ११ हजार १११ रुपए का पुरस्कार रखा गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे महाराष्ठ्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मीरा भायंदर के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। उन्होंने कहा कि यहां के विधायक प्रताप सरनाइक के माध्यम से वे अब तक इस शहर के विकास के लिए ३००० करोड रुपए दे चुके हैं। विक्रम प्रताप सिंह की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर भारतीय समाज के इस युवा नेता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर शिवसेना ने उत्तर भारतीय समाज के प्रति अपना लगाव और विश्वास व्यक्त किया है। विक्रम प्रताप सिंह ने मीरा भाईंदर की जनता की तरफ से मुख्यमंत्री का आभार मानते हुए, अयोध्या के साथ-साथ काशी के विकास में शिवसेना द्वारा किए जा रहे योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित शिवसेना विधायक प्रताप सरनाइक ने कहा कि शिवसेना समाज के हर वर्ग के साथ खडी है। मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से वे इस शहर को सबसे सुंदर शहर बनाकर ही दम लेंगे। प्रताप फाउंडेशन द्वारा आयोजित दहीहांडी महोत्सव में हास्य कलाकार सुनील पाल अभिनेता हिमांशु मलिक अभिनेत्री दीपिका सिंह, अभिनेत्री रेहमत रतन, अभिनेत्री तेजस्विनी कोल्हापुरी समेत करीब एक दर्जन कलाकार उपस्थित रहे। पूर्वांचल के मशहूर भक्ति गीत गायक रविंद्र सिंह ज्योति, अनामिका त्रिपाठी, नंदिनी त्रिपाठी, मुकेश त्रिपाठी समेत अनेक गायकों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रताप फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष विद्या शंकर चतुर्वेदी, ब्रिसेन सिंह उर्फ शिवा सिंह, धर्मेंद्र सिंह, बबलू उपाध्याय, राम शेखरी, कपिल परमार, योगेश सिंह ,जगदीश नाइक ,रूपेश सिंह, विपिन चौधरी, हीरा महाराज, आदर्श सिंह, अभिषेक सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

गोविंदा
प्रताप फाउंडेशन

संपत्तिधारकों पर मनपा की गिरी गाज, टैक्स वसुलने के लिए जारी किया नोटीस

जेकेएस संवाददाता

भायंदर : जिन संपत्ति धारकों ने अपनी अनिवासी संपत्ति (दुकान, कारखाने, मॉल ,मैदान, आदि) किराए पर दूसरों को देकर लाभ अर्जित कर रहे हैं। ऐसे संपत्ति धारकों से मीरा – भायंदर महानगरपालिका ने टैक्स वसूलने की नोटिस हाल ही जारी करना शुरू किया है। टैक्स वसूलने के लिए मनपा टैक्स (कर) विभाग के सहायक आयुक्त चंद्रकांत बोरसे ने किराए पर दिए गए अनिवासी संपत्तियों का करारनामा (लिव एंड लाइसेंस एग्रीमेंट) जमा करने का पत्र जारी किया है। पत्र प्राप्त होने के ७ दिनों के अंदर किराए पर दिए गए संपत्ति का करारनामा मनपा के टैक्स विभाग में जमा नहीं कराने पर महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम की कलम १५० (क) के अनुसार कारवाई प्रस्तावित किए जाने की चेतावनी दी है। टैक्स विभाग द्वारा जारी किए गए इस पत्र से किराए पर दिए अनिवासी संपत्तियों के मालिकों में हडक़ंप मच गया है। वहीं स्थानीय विधायक गीता जैन ने मनपा अधिनियम की कलम १५० (क) पर ही प्रश्नचिन्ह लगाते हुए मनपा आयुक्त को लिखे पत्र में उपरोक्त कलम के आधार पर टैक्स वसूलने का कोई आधार नहीं होने और इस कारण से इसे निष्फल बताया है। साथ ही किराए की अनिवासी संपत्तियों पर अतिरिक्त टैक्स के क्रियान्वयन के लिए कई अन्य मनपा अधिनियम की कलम और राज्य सरकार से अंतिम अनुमति लेने की प्रक्रिया अपनाए जाने का हवाला दिया हैं। वहीं श्रमजीवी संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष सुल्तान पटेल ने भी इस टैक्स का विरोध और अन्य मांगों को लेकर हाल ही में आंदोलन भी किया था। महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम की कलम १५० (क) के अनुसार अनिवासी संपत्तियों को किराए पर देने पर वार्षिक किराए का २०% अथवा १० रुपए प्रति वर्ग फुट (जो अधिक हो) वह टैक्स लागू करने का प्रस्ताव २० फरवरी २०१८ की विशेष महासभा में पारित किया था। जिस पर पिछले ५ वर्षों से अमल नही हुआ था।

Notice

It is hereby informed for the knowledge of publice that Mr Ishrat Khajju Siddique owner of the motor vehicle no MH04HZ7561 covered by permit no MH/4/CC/AUTO/2018/14385 valid upto23/10/2023.

I Mujaida Ishrat Siddique,2" floor,228 opp pinnacola plot no r,MMrde RBK school lane Beverly park,mira road east thane 401107,being the successor to the above mentioned to confirminted to use the permit and accordingly,I have applied to the appropriate authority/Regianaol Transport Office for the transfer of permit in my name.

Any person having claim or objection in this regard, should visit within 15 days from the publication of this notice being such fact to the notice of Regional Transport Office,RTO Thane.

Name of the successor
Mujaida Ishrat Siddique
Room no 228, New Mhada,Opp Pinnacolla, Mira Road East Thane

दिव्यांग डिब्बे में यात्रा करते धराए सैकड़ों रेलयात्री ! :विशेष अदालत ने लगाया जुर्माना

बदलापुर : उपनगरीय रेलवे में दिव्यांग यात्रियों के लिए आरक्षित डिब्बों में सामान्य लोग चढ़ जाते थे, जिसके कारण दिव्यांगों को कठिनाई होती थी। दिव्यांगों द्वारा रेलवे सुरक्षाबल की हेल्पलाइन नंबर पर रोज सैकड़ों शिकायतें मिल रही थीं। उन शिकायतों को देखते हुए वरिष्ट मंडल सुरक्षा आयुक्त ऋषि कुमार शुक्ला के आदेश पर कल्याण के सहायक सुरक्षा आयुक्त टी. ए. रामचंद्रन के निर्देशन में मुंबई मंडल के ठाणे, डोंबिवली, कल्याण और बदलापुर स्टेशनों के बीच की लोकल ट्रेन के दिव्यांग आरक्षित डिब्बे में यात्रा करने वाले सामान्य रेल यात्रियों पर रेल सुरक्षा बल द्वारा कार्रवाई बुधवार की रात की गई। पकड़े गए सैकड़ों लोगों को विशेष रेलवे कोर्ट के न्यायाधीश एस. चोपड़ा, कल्याण के सामने पेश किया गया। विशेष कोर्ट न्यायधीश ने दिव्यांग डिब्बे में यात्रा करने वाले लोगों पर आर्थिक दंड लगाया। हालांकि, कार्रवाई के दौरान जवानों की संख्या में कमी के कारण काफी यात्री इस कार्रवाई से बच निकले। बात दें कि इस तरह से विशेष अभियान में कुल २७६ लोगों पर कार्रवााई की गई। वैसे रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक सुरेंद्र कोष्टा (ठाणे), जी. एस.तिवारी (दिवा), यशोदा यादव (डोंबिवली), राकेश कुमार (कल्याण) तथा भैरू बामने (बदलापुर) ने सुरक्षा बल व महाराष्ट्र सुरक्षा बल के जवानों के साथ कुछ ही घंटों में यह कार्रवाई की। रेल सुरक्षा बल द्वारा चलाए गए इस अभियान का दिव्यांग यात्रियों ने सराहना की है।

Ghar Estate
The Real Solution
Buy Sell Rent
Flats
Shops
Bungalows
Plots
Kishor Sharma
Sushil
Rajhans
9821542469
9322603964
9870282083
0/5, A-8, SHANTI VIHAR, NR. RLY. STATION, MIRA ROAD (E), THANE - 401 107

मुंबई अहमदाबाद हाइवे पर हुई दुर्घटना, कुछ जखमी, कोई मरा

वसई। मुंबई–अमदाबाद हाईवे पर सातीवली ब्रिज पर बजरंग ढाबा के सामने सडक़ दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि २ लोग गंभीर रूप से जख्मी हैं। गुजरात की तरफ तेजी से जा रहे कार के ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी डिवाइडर पार करके दूसरी तरफ चली गई। तभी सामने से आ रहे ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। यह हादसा इतना भयानक था की कार ड्राइवर सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए नजदीकी संस्कृति हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।इस दुर्घटना में सभी मृतक और घायल राजस्थान राज्य के रहने वाले हैं। गत बुधवार तडके मारुति स्विफ्ट कार (एचआर २० एजी ०२२६) मुंबई से गुजरात की ओर जा रही थी। इस गाड़ी में अशोक सिंघानिया, सुभाष शोत्रा, बनवारीलाल जेधिया, किसन व एक अन्य लोग यात्रा कर रहे थे। सुबह करीब ६ बजे के आसपास कार बजरंग ढाबा के सामने सातीवली ब्रिज पार कर रही थी तभी गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। गाड़ी की रफ्तार इतनी थी कि गाड़ी डिवाइडर पार कर मुंबई रूट पर जाने वाली ट्रक से टकरा गई। उसी समय सिलवासा की तरफ से एक ट्रक (एमएच ४८ बीएम ५९८९) आ रहा था। इस ट्रक ने गाड़ी को टक्कर मार दी, इस हादसे में स्विफ्ट कार के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर हाईवे पुलिस मौके पर गई और एंबुलेंस से तीन घायलों को संस्कृति अस्पताल और दो को गैलेक्सी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। घायलों में से दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। राजमार्ग उपनिरीक्षक विट्ठल चिंतामन ने बताया कि दुर्घटना के बाद राजमार्ग पर लगे जाम को हटाने के लिए राजमार्ग पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सडक़ के किनारे किया। वालिव पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज किया है और ट्रक चालक प्रदीप गौड को हिरासत में लिया है।

Get FIT WITH US...
COMPLETE TRANSFORMATION ACADEMY
A PREMIUM FITNESS STUDIO
- STRONG BY ZUMBA
- ZUMBA FITNESS
- YOGA
- CROSS FIT
- BOLLYWOOD FREESTYLE
- FUNCTIONAL TRAINING
- BOKWA
Contact : 93200 93208 / 90823 79684
SHOP NO.7, SHEETAL HOMES, M.T.N.L. ROAD, OPP. BASSEIN CATHOLIC BANK, SHEETAL NAGAR, MIRA ROAD (E), THANE - 401107.

Get FIT WITH US...
COMPLETE TRANSFORMATION ACADEMY
A PREMIUM FITNESS STUDIO
FITNESS CLUB
ZUMBA MIX & MATCH PACKAGE
ZUMBA dance is the best workout you can get in between your busy schedule whether you are a beginner or advanced.
WE OFFER :
ZUMBA Dance Is The Conversation Between Body & Soul.
YOGA New to yoga? Learn about where yoga come from, the mind-body benefits of yoga, different types of yoga.
CARDIO Cardio helps to get your blood pumping, strengthens your immune system.
Additional : Dance Choreography, Bootcamps, Functional And Many More.
WE TAKE PERSONAL TRAINING FOR WORKOUT & DANCE CHOREOGRAPHY.
Book for a demo & experience the vibe
ALL IN ONE
Contact : 93200 93208 / 90823 79684
SHOP NO.7, SHEETAL HOMES, M.T.N.L. ROAD, OPP. BASSEIN CATHOLIC BANK, SHEETAL NAGAR, MIRA ROAD (E), THANE - 401107.

Manisha : 8898253578 / 9372866131
Prabha Salon
Only For Ladies
Skin | Hair | Makeup | Classes
Home Service Available
Sector-5, Shanti Nagar, C/14, Gr. Floor Room No.001, Anubhav Chs.ltd., Near Shiv Sena Office, Mira Road (E) Thane - 401107.

Pramod Dubey
Govt. Auth.
Stamp Vendor
9869152957
8355987974
ANKUR STAMP VENDOR
Purchase, Sale of:
Flats, Shop & L.L. Basis
☆ Stamp Paper
☆ Revenue Stamp
☆ Court Fee Stamp
☆ Affidavit & Notary
☆ Online L. L. & Sale greement
☆ Society Documents
Office : Shop No. 06, Adeshwar Krupa, Opp. Bank of India, Shanti Park, Mira Road (E), Dist. Thane - 401 107.
E - mail : p.dubey989@gmail.com

Jamal Shaikh
8097863035
9967248904
Moin Shaikh
9920540025
7718940025
J.K. AIR COOL
Spl in : Refrigerator, Windows / Split Air Conditioner, Washing Machine, Network Cooling Tower
SALES | REPAIR | PURCHASE
Annual Maintenance Contract for AC, Fridge & Washing Machine
Shop No.6, Saidham Apt., Near Apollo Pharmacy, Stn. Road, Mira Road (E)

मनपा की प्रमुख पाइपलाइनों पर तीसरी आंख की रहेगी नजर ! दो महीने बाद लगाए जा सकते हैं सीसीटीवी कैमरे

मुंबई : पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों में जलापूर्ति करनेवाले कुछ जलाशयों को निगरानी के दायरे में लाने के बाद अब मनपा मोडक सागर और तानसा जलाशयों की पाइपलाइनों पर तीसरी आंख से नजर रखने की तैयारी शुरू कर दी है। बताया गया है कि मनपा ने इस परियोजना की व्यवहार्यता का अध्ययन करने के लिए सलाहकार की नियुक्ति भी कर दी है। आगामी दो महीनों में सीसीटीवी वैंमरों को लगाए जाने की संभावना व्यक्त की गई है। उल्लेखनीय है कि जलाशयों और पाइपलाइनों के विशाल क्षेत्र के कारण सुरक्षा गार्डों के लिए इन पर कड़ी निगरानी रखना मुश्किल हो जाता है। मुख्य पाइपलाइनों, जलाशयों के साथ–साथ सामान्य पाइपलाइनों के आस–पास की आंतरिक सड़कों और फुटपाथों के प्रवेश द्वारों पर अत्याधुनिक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, हाई–डेफिनिशन नाइट विजन कैमरे लगाने का फैसला किया गया है। मनपा के एक अधिकारी के मुताबिक, इस कदम का उद्देश्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को किसी भी प्रकार के खतरे से सुरक्षित करना है। मुख्य क्षेत्र में हर पांच किमी पर सीसीटीवी लगाने की योजना बनाई जा रही है। इसके लिए एक सलाहकार नियुक्त किया गया है, जो क्षेत्र का अध्ययन करेगा और आवश्यक वैंमरों की संख्या के बारे में सलाह देगा।

Dr. Anuj Garg
Medical Director
General Physician & Surgeon
Reg. No.: 73067-A-1
Priyanshi Hospital & Maternity
9867086618 / 9322086618
anujgarg.priyanshi@gmail.com
B-004, Sai Vikas Apartment, Opp. New Petrol Pump, Sai Baba Nagar, Mira Road (E), Thane - 401107.
Facilities
- Surgery
- Plastic Surgery
- Laproscopic Surgery
- Medicine Cardiology
- Gynaecologist & Obstetrics
- Orthopedic
- Child Specialist
- Cardiac Monitor, Oxyge
- Pathology
Emergency 24 Hours

॥ श्री गणेशाय नमः ॥
MOB: 9224789797
शिखरे फुट वेअर
GENTS, LADIES, KIDS & SCHOOL SHOES
Bata FLITE Paragon sparx indus
S.04, Jay Poonam Nagar CHSL., Bhd. Deepak Hospital, Mira Bhayander Road, Mira Road (E).
Shikhare Foot Wear

Mohammed Tariq A.Q. Khan
CH
CLASSIC
9820461267
9820661267
HOUSING
Add.: Shop No. 4, B/66, Sector 1, Shanti Nagar, Opp. TMT Bus Stop, Mira Road (E) - 401107.
classichousin@gmail.com

UMESH
9870282073
OM SAINATH
AUTO DEAL
BUYING & SELLING OF NEW & USED CARS VECHILE LOAN- INSURANCE
SHOP NO.3, SAI KRUPA BLDG., NEAR PLEASANT PARK, MIRA BHAYANDER ROAD MIRA ROAD (E), THANE - 401 107.

RAMZAN - 8779522132
8424849879
Liyakat - 8898246196
A.R. AUTO
BUY | SALE | EXCHANGE
A.R. Auto Garage

Mrs. Asha Ramesh Kohale
Cell : 9833583319
9869571122
A51700024751
OM SAI
ESTATE AGENCY
Contact for Buying, Selling, L.L. Basis of :
FLATS, SHOPS, OFFICE PREMISES
Shop No. 11, Shree Shraddha CHS. Ltd., MIG Bldg. No. 2, MHADA Complex, Srishti, Mira Road (E), Dist. Thane-401107.

Dr. Ajay L. Dubey
Proprietor
99671 19955
91671 19955
KESHAV ESTATE CONSULTANTS
SINCE 1998
KESHAV ESTATE CONSULTANTS
Our Moto : We Work to Fullfil Your Dream

उपशहर प्रमुख मुस्तफा वनारा का महाआरोग्य शिविर संपन्न

जेकेएस संवाददाता

मीरारोड : विधायक प्रताप सरनाईक के मार्गदर्शन से उपशहर प्रमुख मुस्तफा वनारा और दिलीप सावंत की योजना में विधायक प्रताप सरनाईक की उपस्थिति में नूपुर नगर में भव्य महा आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। अमित इस्वालकर, संगीता फाटक,रसिका पवार, विभाग प्रमुख इकबाल मालबारी, नासिर शेख आदि के सहयोग से बडी संख्या में निवासियों की प्रतिक्रिया में भव्य आयोजन पूरा हुआ।इस शिविर में प्रमुख उपस्तिथि जिला प्रमुख राजू भोईर, १४५ विधानसभा प्रमुख विक्रम प्रताप सिंह, १४६ विधानसभा प्रमुख सचिन मांजरेकर ,१४६ विधानसभा महिला संगठक पूजा आमगांवकर आदि की रही।इस शिविर में विभाग प्रमुख सचिन घाग, विभाग संयोजिका जीनत जैसवार,कहकशा शेख, प्रमिला शेट्टी, उपविभाग प्रमुख सुधीर वानखेडे, गुरुनाथ राठौड, मोहसिन मंसूरी, उपविभाग संयोजिका सारिका अबनावे, शाखा प्रमुख निलेश कदम, कैलाश वर्मा, कृष्णा प्रसाद, इमरान चारोलिया, अदनान खान, उपविभाग प्रमुख (अल्पसंख्यक) आसिफ खान, रईस शेख, शाखा संयोजिका शाहीन मोदी, उपविभाग प्रमुख प्रदीप वैगणकर, सुदर्शन बंगेरा, संजय जाधव, बलबीर सिंह बिस्ट एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

२ दिन की बारिश में खुली मनपा की पोल

जेकेएस संवाददाता

भाईंदर : सिर्फ २ दिन की बरसात ने मीरा-भाईंदर मनपा की पोल एक वार पोल फिर खोल दी है। कुछ दिन पहले जिन सडक़ों की मरम्मत का काम हुआ था अव उनमें गड्ढे हो चुके हैं। ऐसे में काम की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। मीरा रोड निवासी चार्टेड अकाउंटेंट रमेश पांडेय बताते हैं कि वह रोजाना घर से ऑफिस आने-जाने के लिए मीरा-भाईंदर रोड का इस्तेमाल करते हैं। फाटक से गोल्डन नेस्ट की सडक़ की कुछ दिन पहले ही मरम्मत हुई थी। अव सडक़ का हाल फिर से वेहाल हो गया है। जगह- जगह सडक़ों में गड्ढे हो गए हैं। कुछ ऐसा ही हाल भाईंदर (पश्चिम) का भी है। दीपक जैन बताते हैं कि मैक्सस मॉल से नगर भवन तक की सडक़ का भी हाल बेहाल है जबकि एक सप्ताह पहले ही सडक़ की मरम्मत हुई थी। रामदेव पार्क की भी सडक़ों में भी जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जबकि कुछ समय पहले ही उन्हें भरा गया था। प्रशासन लगातार अच्छी सडक़ों का दावा करता है, लेकिन हर वार दावों की खुल जाती है । इस बारे में मनपा आयुक्त संजय काटकर से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

आगामी चुनाव की दस्तक से सीएम सहित कई नेताओं ने लगाई दहीहंडी में हाजरी

मुंबई, गुरुवार को मुंबई समेत पूरे राज्य में जन्माष्ठमी के अवसर पर दही हांडी के कार्यक्रम में गोविंदा आला रे की जगह २०२४ का चुनाव आला रे की गूंज सुनाई दी. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे समेत कई नेताओं ने दही हांडी के कार्यक्रम में भाग लेकर अपने जनसंपर्क अभियान को मजबूत किया. साल २०२४ के लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं के इस आयोजन को आम लोगों के अलावा युवाओं के बीच पैठ को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है. सीएम शिंदे का रिकॉर्ड दौरा: सीएम एकनाथ शिंदे ने एक रिकॉर्ड बनाते हुए करीब ३६ मंडलों का दौरा किया. उन्होंने ठाणे, मुंबई और मीरा-भायंदर समेत कई जगहों पर जाकर दही हांडी फोडऩे वाले गोविंदाओं का उत्साह बढाया. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गढ़ ठाणे में टेंभीनाका दहीहांडी उत्सव में लाखों रुपए के इनाम बांटे गए. बीजेपी ने वर्ली से यूबीटी विधायक आदित्य ठाकरे के गढ.में स्थित जंबूरी मैदान में 'परिवर्तन' दही हांडी का आयोजन किया है. इसके जवाब में वरली में युवा सेना की ओर से भी दही हांडी का आयोजन किया गया. आदित्य, वली से विधायक हैं. भाजपा की मुंबई इकाई ने इस साल महानगर में दहीहांडी के ४०० कार्यक्रमों का आयोजन किया है. गुरुवार का दहीहांडी कार्यक्रम अगले साल के लोकसभा चुनावों से पहले आखिरी उत्सव है. साथ ही बीएमसी के चुनाव भी २०२२ की शुरुआत से लंबित हैं. वीएमसी पर १९९७ से २०२२ के बीच २५ वर्षों तक उद्धव ठाकरे के शिवसेना गुट का नियंत्रण था और भाजपा देश के सबसे अमीर नागरिक निकाय पर कब्जा करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है. भाजपा की मुंबई इकाई के अध्यक्ष आशीष शेलार ने कहा कि इस साल की दहीहांडी मुंबई में बदलाव लाएगी. शेलार ने कहा कि भाजपा नेताओं, विधायकों, सांसदों और पार्टी पदाधिकारियों ने शहर के विभिन्नहिस्सों में दहीहांडी कार्यक्रम का आयोजन किया है.

मीरारोड में महिला ने की खुदकुशी

भायंदर : मीरा रोड में एक इमारत की दसवीं मंजिल से कूद कर ३६ वर्षीय महिला ने आत्महत्या कर ली। हालांकि यह वाकया कैसे हुआ इस पर रहस्य छाया हुआ है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान निर्मला संजय सिंह राजपुरोहित (३६) के रूप में हुई है, जो मीरा रोड के पूनम गार्डन में स्थित सफायर टॉवर की ११वीं मंजिल पर अपने पति, बेटी (उम्र १० साल), बेटे (उम्र ७ साल) और सास-ससुर के साथ अपार्टमेंट में रहती थी। हालाँकि, जब यह घटना घटी तब दम्पति अकेले थे। उनके पति एक टेलीकॉम कंपनी में काम करते हैं। शाम करीब छह बजे निर्मला ११ वी मंजिल से दसवीं मंजिल पर चली गई थी और कथित तौर पर रेलिंग से कूद गई। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा गार्ड ने उसे रेलिंग के किनारे पर देखा और उसे खतरे के बारे में चेतावनी देने के लिए चिल्लाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी ।उसे गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल ।ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में एक ।आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट (एडीआर) मीरा पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई है, ।लेकिन जांच टीम सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है कि महिला की दुर्घटनावश गिरकर मौत होने से ठीक पहले क्या हुआ था, या कथित तौर पर किसी झगडे.के कारण उसे अपनी जिंदगी खत्म करने जैसा चरम कदम उठाने के लिए मजबूर होना पडा ।

ठाणे महानगरपालिका, ठाणे

सार्वजनिक आरोग्य विभाग

मा. पंतप्रधान महोदयांच्या आदेशान्वये व केंद्र शासनाच्या निर्देशानुसार महाराष्ट्र राज्यातील सर्व जिल्हे व महानगरपालिकांमध्ये विशेष मिशन इंद्रधनुष्य मोहिम 5.0 म्हणजेच Intensified Mission Indradhanush 5.0 हि मोहिम राबविली जाणर आहे. या मोहिमेअंतर्गत अति जोखमीच्या क्षेत्रामध्ये आरोग्य कर्मचारी व स्वयंसेवक प्रत्यक्ष घरोघरी भेटी देऊन 0 ते 5 वर्षे वयोगटातील बालके व गरोदर माता यांचे सर्वेक्षण करणार आहेत.शासनाच्या मार्गदर्शक सुचनांनुसार ज्या भागामध्ये झोपडपट्टया, मायग्रेशन कन्स्ट्रक्शन साइट्स, वीट भट्टया, पोलिओचे अति जोखमीचे भाग, नियमित लसीकरण कार्यक्रमाअंतर्गत कमी कव्हरेज असणारे विभाग इ. ठिकाणी सर्वेक्षण करुन 0 ते 5 वर्षे वयोगटातील बालके व गरोदर मातांच्या यादया तयार केल्या जाणार आहे. विशेष मिशन इंद्रधनुष्य मोहिमेची दुसरी फेरी 11 सप्टेंबर 2023 पासून पुढील सहा कामकाजाच्या दिवसांमध्ये अतिरिक्त लसीकरण सत्रांचे नियोजन केले जाणार आहे. व या सत्रांमध्ये Dropout बालक म्हणजे ज्या बालकाला व त्याच्या वयोमानानुसार ज्या देय लसी आहे त्यापैकी काही लसी देण्यात आलेल्या आहेत. परंतु या बालकास आवश्यक सर्व लसी दिलेल्या नाहीत. Leftout बालक म्हणजे ज्या बालकाला त्याच्या वयोमानानुसार ज्या लसी आहेत त्यापैकी एकही लस देण्यात आलेली नाहीत अशा बालकांना आवश्यक लसी देण्यात येणार आहेत. जेणेकरुन ठाणे महानगरपालिकेमध्ये संपुर्ण लसीकरणाचे प्रमाण 90% पेक्षा जास्त गाठणे शक्य होईल. संपुर्ण लसीकरणाच्या दोन प्रकारच्या व्याख्या आहेत- **एक म्हणजे Full Immunization यामध्ये जर 9 महिने ते 1 वर्षे वयोगटातील बालकास BCG, Opvo, Penta 1,2,3, Opv 1,2,3, fIPV 1,3, Rota 1,2,3, PCV 1,2,3 and Measles Rubella 1, 2 या सर्व लसी मिळाल्यास अशा बालकास Fully Immunized म्हणावे.** दुसरे म्हणजे Complete Immunization या मध्ये जर 16 महिने ते 24 महिने वयोगटातील बालकांस **BCG, Opvo, Penta 1,2,3, Opv 1,2,3, FIPV 1,3, Rota 1,2,3, PCV 1,2,3 and Measles Rubella 1, 2, DPT Booster या सर्व लसी मिळाल्यास अशा बालकास Completely Immunized म्हणावे.** विशेष मिशन इंद्रधनुष्य मोहिमेमध्ये Fully Immunized Completely Immunized बालकांचे प्रमाण 90% पेक्षा अधिक करण्याबाबत ध्येय निश्चित करण्यात आले आहे. या करिता माहे सप्टेंबर 2023 या कालावधीत अतिरिक्त लसीकरण सत्रांचे नियोजन करुन मोठया प्रमाणावर 0 ते 5 वर्षे वयोगटातील बालके व गरोदर माता यांना आवश्यक लसी दिल्या जाणार आहे. एवढया मोठया प्रमाणावर लसीकरण्याची हि विशेष मोहिम राबविताना लसीकरणामुळे होणा-या दुष्परिणामांच्या काही घटना कार्यक्षेत्रात घडु शकतात. यामध्ये मुख्यत: लसीकरणानंतर बाळाला ताप येणे, इंजेक्शनच्या जागी गाठ येणे इ. बाबींचा समावेश आहेत. कधी कधी बाळ आजारी असल्यास डॉक्टरांच्या सल्ल्याशिवाय लसीकरण केल्यास काही लक्षणे, चिन्हे बालकामध्ये आढळुन येऊ शकतात. उदा. बालकाला झटके येणे, श्वासोच्छवासास त्रास होणे इत्यादी. मात्र अशा वेळी घाबरुन न जाता डॉक्टरांच्या सल्ल्याने उपचार घेता येतात. लसींमुळे होणा-या दुष्परिणांमांचे प्रमाण अत्यंत किरकोळ असुन या कारणांसाठी आपल्या बाळाल लस न देणे योग्य नाही. कारण लसीकरण कार्यक्रमाअंतर्गत दिल्या जाणा-या लसी बालकांचे क्षयरोग, कावीळ, पोलिओ, डांग्या खोकला, घटसर्प, धनुर्वात, गोवर, हिमोफिलस, इन्फल्युएंझा बी या जीवघेण्या आजारांपासून संरक्षण करतात. ठाणे महानगर पालिकेच्या सर्व दवाखान्यांमधुन या लसी मोफत उपलब्ध करुन दिल्या जातात. त्यामुळे लक्षात ठेवा...

5 वर्षांत 7 वेळा
सुटणार नाही लस 1 ही वेळा.

ठामपा/पिआरओ/आरोग्य/655/2023-24
दि:.06.09.2023
Pls visit our oficial web-site
www.thanecity.gov.in

सही/-
वैद्यकीय आरोग्य अधिकारी
ठाणे महानगरपालिका, ठाणे

मेट्रो मार्ग का विवाद उलझन में, मकान ध्वस्त होने का डर

जेकेएस संवाददाता

भायंदर ।जगह बदल देने के बाद मेट्रो कारशेड का विवाद सुलझ तो गया,लेकिन मेट्रो मार्ग का पेंच अभी फंसा हुआ ही है ।ग्रामीण मेट्रो मार्ग का मार्ग बदलने की अपनी पुरानी मांग को लेकर अडे.हुए हैं और ऐसा नहीं होने पर सडक़ पर उतरने की चेतावनी दी है। मेट्रो कॉरिडोर ९ तथा ७(अ)का कारशेड भायंदर पश्चिम के मुर्धा व राई गांव में प्रस्तावित था ।वहां तक मेट्रो ले जाने के लिए उत्तन रोड को चौडा करने की जरूरत थी ।इसके लिए किसानों की ३२ हेक्टेयर कृषि भूमि तथा सडक़ किनारे के ५४७ पुराने मकान छीन रहे थे ।जिसका किसान विरोध कर रहे थे ।भारी विरोध को देखते हुए सरकार ने कारशेड की जगह बदलकर वहां से ४ किलोमीटर आगे डोंगरी शिफ्ट कर दिया ।लेकिन वहां तक मेट्रो आने जाने के लिए उत्तन रोड ही एक मात्र विकल्प है ।इसलिए ५४७ मकान के ध्वस्त होने का डर अभी भी बना हुआ है। किसान नेता व पूर्व उप-नगराध्यक्ष अशोक पाटिल के नेतृत्व में ग्रामीणों का एक शिष्ठमंडल मीरा भायंदर मनपा आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर मेट्रो मार्ग के लिए वैकल्पिक मार्ग चुनने की अपनी मांग दोहराई ।पाटिल ने बताया कि भायंदर- उत्तन रोड डीपी में ३० दर्शाया गया है ।लेकिन मौके पर १० से १२ मीटर ही है ।उसको विस्तारित कर सीसी करने का काम एमएमआरडीए ने शुरू किया था ।तब से हम इसका विरोध कर रहे हैं ।हमारी मांग है कि ३० मीटर की जगह इस मार्ग को १८ मीटर ही चौडा किया जाए ।कारशेड और मेट्रो मार्ग बनाने निर्णय बाद में आया। पाटिल ने बताया इस मार्ग के बजाय हमने दो वैकल्पिक मार्ग सुझाए हैं और दोनों डीपी रोड में प्रस्तावित हैं ।एक मार्ग आखिरी मेट्रो स्टेशन (बाल योगी सदानंद महाराज स्टेशन) से उत्तन की तरफ जाता है और दूसरा मुर्धा खाडी झोपडप़ट्टी (श्मशान) के पीछे से शुरू होकर उत्तन की तरफ जाता है ।दोनों रोड मुर्धा - राई गांव के पीछे से प्रस्तावित हैं ।पाटिल ने कहा कि इन वैकल्पिक मार्ग को बना देने और उन पर से मेट्रो ले जाने के पांच फायदे होंगे। ग्रामीणों के वर्षों पुराने मकान टूटने और उन्हें उसका मुआवजा देने और हरे-भरे वृक्ष कटने से बच जायेंगे,उत्तन-गोराई जाने के लिए दो नए रास्ते मिल जाएंगे और इन रास्तों पर आने वाले इलाकों का विकास भी हो जाएगा।

मीरा भाईंदर के टेंबा अस्पताल में दिव्यांग प्रमाणपत्र देना बंद

जेकेएस संवाददाता

भायंदर। भायंदर में राज्य सरकार का एकमात्र पंडित भीमसेन जोशी(टेंबा) अस्पताल पहले से ही बीमार चल रहा था। अब उसमें दिव्यांग प्रमाण- पत्र देना भी बंद हो गया है ।पूर्व उपमहापौर हसमुख गहलोत ने अस्पताल अधीक्षक को पत्र देकर दिव्यांगता प्रमाण- पत्र देना तत्काल शुरू करने की मांग की है। पंडित भीमसेन जोशी हॉस्पिटल में स्वास्थ्य सुविधाएं,डॉक्टर - नर्स स्टाफ की कमतरता बनी हुई है ।इसलिए इंफ्रास्ट्रक्चर होते हुए भी पर्याप्त और बेहतर इलाज लोगों को नहीं मिल पा रहा है ।अस्पताल अधीक्षक को लिखे पत्र में गहलोत ने कहा है कि पिछले कुछ महीनों से अस्पताल में दिव्यांगता की जांच और प्रमाण- पत्र देना बंद है ।जिससे दिव्यांगों को भारी परेशानी झेलनी पड. रही है। इस काम के लिए उन्हें मुंबई और ठाणे के सरकारी अस्पतालों में जाना पड.रहा है ।गहलोत ने कहा कि शारीरिक रूप से तंदुरुस्त आदमी को भी मुंबई आने-जाने में भारी कसरत करनी पडत़ी है ।फिर दिव्यांग लोगों के साथ क्या बितती होगी ? यह समझा जा सकता है। जोशी अस्पताल के शल्य चिकित्सक डॉक्टर जाफर तडव़ी ने कहा कि ऐसा नहीं की सभी तरह के दिव्यांगता प्रमाण- पत्र जारी नही हो रहे हैं ।सिर्फ मानसिक और ईएनटी (नाक,कान,गला) दिव्यांगता प्रमाण-पत्र देना ही बंद है ।कारण मानसिक रोग विशेषज्ञ प्रमोशन पाकर तबादले पर चले गए हैं ।जबकि ईएनटी डॉक्टर १५ दिन की ट्रेनिंग पर बाहर हैं ।इसलिए ईएनटी दिव्यांगता प्रमाण- पत्र अस्थाई रूप से बंद है ।सिविल अस्पताल ठाणे से हमने मनोचिकित्सक उपलब्ध कराने की मांग की है ।जल्द ही सप्ताह में एक दिन मानसिक दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र भी देना शुरू हो जायेगा।

वसई विरार शहर महानगरपालिका

प्रभाग समिती 'एच' नवघर-माणिकपुर
ता. वसई, जि. पालघर ४०१२०२

जा. क्र. वविशम/ २७२८/२०२३-२०२४
दिनांक : ०८/०९/२०२३

जाहीर नोटीस

महाराष्ट्र मुंबई प्रांतिक महानगरपालिका अधिनियम १९४९ चे कलम ४६९ ला अधिन राहुन या नोटीसीद्वारे वसई विरार शहर महानगरपालिका हद्दीतील सर्व नागरिकांना सुचित करण्यांत येते की, खालील नमुद मिळकत धारकांनी मालमत्ता हस्तांतरण कामी लेखी अर्ज तसेच कागदपत्रे सादर केली आहेत. उक्त फेरफार प्रकरणी कोणतीही हरकत / तक्रार असल्यास त्यांनी कार्यालयात जाहीर नोटीस प्रसिद्ध झालेल्या तारखेपासून सात (७) दिवसाच्या आत लेखी हरकत / तक्रार कागदपत्रांसह नोंदवावी. सदर हरकत / तक्रार न आल्यास कार्यालय पुढील मालमत्ता हस्तांतरणाची कार्यवाही करण्यांत येईल.

अ.क्र	विभाग	मालमत्ता क्र.	ज्याचे नावे मालमत्ता आहे त्याचे म्हणजेच विकणा-या किंवा करदात्याचे नाव	खरेदीदाराचे किंवा अभिहस्तांकन करदात्याचे नाव
१	दिवाणमान ७	VN30/18329	दिनेश एस. बघेले व संगीता डी. बघेले	संजय जोखन कनोजिया व सुनीता संजय कनोजिया
२	दिवाणमान ८	VN31/18777	प्रसाद व्ही. शेट्टी	आशिष ऋषि झा व ऋषि आनंदमोहन झा
३	माणिकपूर २/१	VN19/35312	सबिता गुरुवप्पा मुल्कि	नित्यानंद गुरुवप्पा मुल्कि व इतर दोन
४	नवघर १/१	VN03/21711	फेहमीदा अब्बास नलवाला व इतर एक	प्रमोद चंद्रमा गुप्ता व लक्ष्मी गुप्ता
५	ब-हामपूर	VN14/38319	गिल्बर्ट एलायरस घोन्सालवीस	कल्पेश गिल्बर्ट घोन्सालवीस
६	दिवाणमान १	VN22/55083	निर्मला सुरेशमणी शुक्ला व इतर दोन	संदीप सुरेशमणी शुक्ला
७	दिवाणमान ७	VN30/18327	अभिषेक बी. पवळे	अनिल लालबहादुर कनोजिया
८	दिवाणमान ५/१	VN26/8152	सुचित्रा बी. साबत व श्रीराम बी. साबत	रोहित बी. साबत
९	दिवाणमान ५/२	VN27/12811	विजय गोविंद विचारे	विद्या विजय विचारे
१०	दिवाणमान ३	VN24/6314	सुनील सखाराम मुळये	फरझाना फिरोझ पंजवाणी
११	ब-हामपूर	VN14/55431	विनायक कृष्णा तेली व कृष्णा नारायण तेली	मनीष धरमराज दुबे
१२	चुळणा	VN02/42035	जेरसी बेंजामिन कॉन्सेसो	सुरेखा मानवेल मॅकवान
१३	दिवाणमान ३	VN24/6742	राकृष्णा पाढी व अनिता पाढी	सीता एम. मूल्या व सुरेश एम. मूल्या
१४	दिवाणमान २	VN23/1057	चिमन छगन पुरबिया	शकुंतला चिमन पुरबिया
१५	दिवाणमान २	VN23/52687	केवीन बर्नड अजित	हेमांगी एच. चव्हाण
१६	दिवाणमान ३	VN24/6743	रामकृष्णा पाढी व अनिता पाढी	सीता एम. मूल्या व सुरेश एम. मूल्या
१७	उमेळमान	VN01/56762	रणजित दिनकर गावकर	प्रशांत ओमप्रकाश पांडे
१८	उमेळमान	VN01/56763	श्रावणी रणजित गावकर	तारादेवी राजेंद्रप्रसाद मिश्रा
१९	माणिकपूर १/३	VN17/34577	रॉबिनसन - चेटीयार	रेखा मारुती नागेकर
२०	बऱ्हामपुर	VN14/39768	क्रिसेल्डा एच डायस व हर्बट ए.डायस	राकेश मिश्रा व अंजनी मिश्रा

शिक्का

सही/-
(निलेश म्हात्रे)
प्र. सहा. आयुक्त
प्रभाग समिती 'एच'
वसई विरार शहर महानगरपालिका

मनपा के सामने श्रमजीवी संगठन का हल्लाबोल

जेकेएस संवाददाता

भायंदर, बीएसयूपी योजना के घर मूल लाभार्थियों को शीघ्र देने, आदिवासी पाडों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसी मांगों को लेकर श्रमजीवी संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष सुल्तान पटेल के नेतृत्व में सोमवार को मनपा मुख्यालय पर मोर्चा निकाला गया. मोर्चा में भारी संख्या में आदिवासी महिलाएं शामिल थीं. पटेल ने मनपा प्रशासन पर आरोप लगाया कि मनपा क्षेत्र के अंतर्गत कई प्रश्न वर्षों से लंबित हैं. समस्याओं के समाधान के लिए संगठन के कार्यकर्ता कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से पत्र व्यवहार कर, बार बार मुलाकात करने के बाद भी अधिकारी गरीबों की समस्याओं को जानबूझकर नजरअंदाज करते हैं, कोई कार्यवाही नहीं करते. वहीं सर्वसाधारण गरीब, आदिवासियों के बीएसयूपी योजना के लाभार्थियों के घर, संपत्ति टैक्स, शौचालय, शिक्षा, आरोग्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए पत्र व्यवहार व आंदोलन करने पर भी अधिकारी काम करने को तैयार नजर नहीं आते इस मोर्चा के माध्यम से पटेल ने पालघर जिला के अति दुर्गम क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी मरीजों के लिए अत्यावश्यक एंबुलेंस सेवा शुरू करने, बेलकडी पाडा में सडक़ व समाज मंदिर की मरम्मत करने, काजू पाडा के श्मशान भूमि, समाज मंदिर का निर्माण करने, मासाचा पाडा में सडक़ पानी लाइट, श्मशान भूमि की व्यवस्था करने. जय हिंद नगर (केली चा पाडा) में सडक़, गटर, शौचालय, पानी. लाइट की व्यवस्था करने, काजू पाडा आश्रम के पास की वस्ती व बाघोवा एकता चाल, शिव शक्ति नगर चेना परिसर में रहने वालों के घरों पर तोड.क़ार्रवाई रद्द करने, महाजनवाडी में श्मशान भूमि निर्माण करने, राष्ट्रीय महामार्ग ८ पर काशीमीरा के स्थानीय भूमिपुत्र फेरीवालों को पर्यायी जगह देने, मुर्धा खाडी, गांव बसे लोगों का टैक्स, गटर, सडक़ निर्माण करने, उत्तन धावगी में पीने की पानी की व्यवस्था करने, चौक, डोंगरी गांव पाडों में सडक़, लाइट की व्यवस्था करने और खासकर ५३८ स्थानीय भूमिपुत्र कर्मचारियों की मार्च १९९३ से सेवा ज्येष्टता के आधार पर प्रस्ताव राज्य सरकार के पास भेजने की मांग की. मोर्चा के शिष्ठमंडल को मनपा आयुक्त प्रशासक संजय काटकर ने आश्वासन दिया कि आदिवासी पाडो के गटर, बिजली, नाले आदि की समस्याओं के समाधान का शीघ्र प्रयास करेंगे. कुछ क्षेत्र वन विभाग के अधीन आते हैं, उनसे अनुमति लेकर शीघ्र कार्य शुरू करेंगे.

भाईंदर का सुभाषचंद्र बोस मैदान बना निजी संस्थांओं की मिल्कियत

जेकेएस संवाददाता

भायंदर : शहर में सुभाषचंद्र बोस मैदान जो की शहर के बच्चो तथा खिलाडिय़ों के खेलने हेतु खेल प्रोत्साहन का प्रकल्प है वही दूसरी ओर मनपा एक कंपनी पर इतनी मेहरबान हो गई है की एक निजी संस्था को करीब १३२ दिनों के लिए मुफ्त में क्रिकेट स्पर्धा के आयोजन के लिए दिया गया है। जिससे स्थानीय शहर के आर टी आई कार्यकर्ता । कृष्ण गुप्ता ने आरोप लगाते हुए कहा है की इसमें नियमों को ताक पर रख कर लगातार इतने दिनों तक किसी संस्था को देने वाले अधिकारियों पर कारवाई की मांग मनपा आयुक्त – प्रशासक संजय काटकर से की है। भायंदर पश्चिम में मनपा का एकमात्र बडा मैदान सुभाषचंद्र बोस मैदान हैं। जहां क्रिकेट प्रेमी क्रिकेट खेलते है इसके अलावा खिलाडी और घूमने,टहलने या वॉकिंग के लिए बडे.बुजुर्ग भी बडी संख्या में हैं। लेकिन अधिकारियो के कार्यकलाप देखे तो शहर अभियंता दीपक खांबित की शिफारिस पर तत्कालीन मनपा आयुक्त – प्रशासक दिलीप ढोले ने मीरा–भायंदर मनपा के संयुक्त तत्वावधान से मे. मैजेस्टिक लिजेंड्स स्पोर्ट्स नामक निजी कंपनी को रोड सेफ्टी सेलिब्रिटी क्रिकेट मैच के लिए सुभाषचंद्र बोस मैदान को ३० मई से २० जून २०२३ तक के लिए मुफ्त में उपलब्ध कराने तथा पानी, बिजली भी मुफ्त उपलब्ध कराने का प्रशासकीय प्रस्ताव पारित किया था। लेकिन मजे की बात तो यह है की सहायक आयुक्त व प्रभाग अधिकारी कंचन गायकवाड की माने तो मे.मैजेस्टिक लिजेंड्स स्पोर्ट्स की बजाए मे. रॉयल जेनुनस स्पोर्ट्स प्रा. ली. नामक कंपनी को ३० मई से २० जून और इसके बाद क्रमश: २१ जून से २ जुलाई, ३ से १८ जुलाई, १९ जुलाई से १३ अगस्त और १३ अगस्त से ९ अक्तूबर २०२३ तक के लिए मुफ्त उपलब्ध करा दी। जो की तत्कालीन आयुक्त –प्रशासक की अनुमति से ही सुभाषचंद्र बोस मैदान उक्त कंपनी को क्रिकेट मैच के आयोजन के लिए दी गई है। जबकि आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णा गुप्ता का मानना है की महाराष्ट्र प्रादेशिक नियोजन व नगररचना अधिनियम ३७ (अ) के अनुसार कोई भी मैदान किसी संस्था, संघ, व्यक्ति आदि को १२ दिन से अधिक नहीं दिया जा सकता । किराए पर भी सिर्फ ३० दिन के लिए दी जा सकती । है, दादर के शिवाजी पार्क मैदान के संबंध में एक याचिका पर उच्च न्यायालय द्वारा दखल लिए जाने के बाद सरकार ने ऐसा शपथ पत्र भी दिया था। इसके । बावजूद नियमों को ताक पर रख कर सुभाषचंद्र बोस मैदान को मुफ्त में देने वालों पर कारवाई और संबंधित कंपनी से दंड सहित किराया वसूल करने की मांग कृष्णा गुप्ता ने की है । जबकि शहर के लोगो का मानना है की स्कूल के बच्चों से तो खेलने का शुल्क लेते हैं, तो बाहर की कंपनी को मुफ्त में मैदान उपलब्ध करवा कर मनपा के रेवेन्यू को नुकसान क्यों किया जा रहा है।

इंद्रधनुष मुहिम हुई शुरू, टिकाकरण का काम हुआ जारी

जेकेएस संवाददाता

भायंदर : मीरा भायंदर मनपा के मुख्य कार्यालय में बुधवार को आयुक्त एवं प्रशासक संजय श्रीपतराव काटकर के मार्गदर्शनानुसार अतिरिक्त आयुक्त डॉ. संभाजी पानपट्टे और उपायुक्त संजय शिंदे की अध्यक्षता में मीरा भायंदर शहर में केंद्र सरकार के मिशन इंद्रधनुष मिशन ५.० को लागू करने के लिए सिटी टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में मातृ एवं शिशु कल्याण अधिकारी डॉ. प्रमोद पडवल,मनपा के सभी स्वास्थ्य अधिकारी और नर्सें उपस्थित थे। केंद्र सरकार ने अगस्त २०२३ से सभी जिलों और महानगर पालिकाओं में विशेष मिशन इंद्रधनुष मुहिम ५.० कार्यक्रम शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य उन सभी बच्चों और गर्भवती माताओं को ढूंढकर उनका टीकाकरण करना है। जो पूरी तरह से टीकाकरण से या आंशिक रूप से टीकाकरण से वंचित हैं। टीकाकरण की कमी के कारण बच्चों में होने वाली बीमारियों और उनके परिणामस्वरूप होने वाली मौतों को रोकने के लिए, टीकाकरण को मजबूत करने और टीकाकरण के दौरान प्रदान की जाने वाली सुविधाओं में सुधार करके प्रत्येक लाभार्थी तक टीकाकरण सुविधाओं को पहुंचाने के लिए मनपा स्तर पर शहरी टीकाकरण समिति स्थापित की गई है। इस समिति के माध्यम से शहर के विभिन्न स्थानों पर बच्चों और गर्भवती माताओं की खोज कर उन्हें संभावित बीमारियों से बचाव के लिए टीका लगाया जाएगा।

मरी हुई मुर्गिया मुंबई के होटलों में होती है सप्लाय

जेकेएस संवाददाता

मीरा रोड. मुंबई के होटलो में मृत मुर्गियों की सप्लाई की जाती थी. इस प्रकरण का मनसे कार्यकर्ताओं ने सप्लाई की जाने वाली टेंपो के साथ एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड.क़र इसका पर्दाफाश किया है. इसकी शिकायत अन्न व औषधि प्रशासन के पास किए जाने की जानकारी मनसे के विभागीय सचिव सचिन जांभले ने दी है. मुंबई के होटलों में छोटी टेंपो से बॉयलर मुर्गियों की बिक्री की जाती है. कई बार बिक्री के लिए मुर्गियों को ले जाते समय उनकी मौत हो जाती है. इन मुर्गियों को दहिसर टोल नाका के पास उडान पुल के नीचे टेंपो में रखकर टेंपो को खडी की जाती है. जांभले के अनुसार रविवार को एक व्यक्ति इन मुर्गियों को खरीदने के लिए आया था. तब जांभले ने मनसे कार्यकर्ताओं के साथ उस व्यक्ति को पकडक़र पूछताछ की. पहले तो उस व्यक्ति ने बताया कि मृत मुर्गियों को वह नाले में फेंक देता है. जब उससे किस नाले में फेंकता है पूछने पर वह नहीं बता पाया. बाद में उसने बताया कि मृत मुर्गियों को वह बांद्रा के कुछ होटलों में सस्ते दर पर बेच देता है.

बिना काम के पगार ले रहे है टेंबा अस्पताल के डॉक्टर

जेकेएस संवाददाता

भायंदर : मीरा भायंदर शहर में करीब १४ लाख की आबादी के के लिए उपलब्ध एक मात्र पंडित भीमसेन जोशी (टेंबा) अस्पताल कभी गंभीर बीमारियों पर तत्काल उपचार नहीं करने, विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं होने, शवागार की पेटियां खराब होने, मरीजों को सरकारी या पालिका का एंबुलेंस नहीं देकर निजी एंबुलेंस लेने का दबाव डालने, आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा नहीं रहने जैसे अनेक कारणों से हमेशा विवाद में रही है। वहीं अब इस अस्पताल के ३ डॉक्टरों द्वारा बिना कोई कार्य किए वेतन लेने का मामला उजागर हुआ है। टेंबा अस्पताल के असुविधाओं की समीक्षा के लिए विधायक गीता जैन ने सोमवार को ठाणे जिला शल्य चिकित्सा कैलाश पवार के साथ अस्पताल का दौरा किया था। इस दौरान वहां पर कार्यरत ३ डॉक्टर कार्य पर नहीं आने के बावजूद वेतन लाभ ले रहे थे, इसका खुलासा हुआ। जिससे विधायक जैन ने वहां पर बायोमेट्रिक हाजिरी तथा रजिस्टर की जांच करने तथा प्रत्येक डॉक्टर व कर्मचारियों को बायोमेट्रिक हाजिरी अनिवार्य किए जाने का निर्देश दिया। कई मरीजों की जांच किए बिना ही मुंबई के शताब्दी अस्पताल में भेजे जाने पर भी जैन ने नाराजगी व्यक्त की। शवागार की शव पेटियों में एक महीने तक ही मृत शरीर रखने का निर्देश होने के बावजूद ६ महीने तक शव रखे जाने का भी मामला सामने आया, इस पर विधायक जैन ने शव पेटियों की संख्या बढाने का निर्देश दिया। विधायक गीता जैन ने अस्पताल के दौरे के दौरान सोनोग्राफी मशीन, सीटी स्कैन, एक्स–रे ,ऑक्सीजन यंत्र ,जनरेटर, वेंटिलेटर मशीन ,आईसीयू ,एम्बुलेंस, सीसीटीवी आदि की भी समीक्षा की तथा रक्त जांच व बडे.ऑपरेशन के व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली । साथ ही अस्पताल में एन आई सी यू विभाग कार्यान्वित करने, अस्पताल परिसर में पुलिस चौकी का निर्माण करने, मरीजों की समस्याओं की जानकारी के लिए दरवाजे के पास शिकायत पेटी और शिकायत निवारण केंद्र शुरू करने का निर्देश भी जैन ने दिया।

नाबालिग लडकी ने बच्ची को दिया जन्म

जेकेएस संवाददाता

मीरारोड : बाल विवाह पर प्रतिबंध होते हुए भी २ नाबालिग शादीशुदा लडकियों के गर्भवती होने का सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है. मीरारोड स्थित मनपा के इंदिरा गांधी अस्पताल के डॉक्टर की जागरूकता से यह प्रकरण उजागर हुआ है, जिसमें एक नाबालिग लडक़ी ने एक बच्चे को जन्म दिया है. वहीं दूसरी नाबालिग लडक़ी ८ महीने की गर्भवती है. पुलिस ने दोनों ही लडकियों के पतियों को गिरफ्तार कर लिया है. मीरा भायंदर मनपा की मीरारोड में भारत रत्न इंदिरा गांधी अस्पताल है. इस अस्पताल में प्रसूति गृह, ऑपरेशन आदि की सुविधा मुफ्त उपलब्ध है, जिससे सामान्य व जरूरतमंद परिवार इस अस्पताल में प्रसव के लिए बड़ी संख्या आते हैं. मीरारोड निवासी तथा प्लंबिंग का काम करने वाला एक २६ वर्षीय पति अपनी ८ माह की गर्भवती पत्नी को इंदिरा गांधी अस्पताल में जांच के लिए लाया था. उस समय वहां उपस्थित डॉ. गुंजन बोरसे को गर्भवती लडक़ी की उम्र पर संदेह हुआ. उन्होंने जब उसके आधार कार्ड की जांच की तो उसकी उम्र मात्र १४ वर्ष ७ महीने की थी इससे पूर्व १ सितंबर की रात को मीरारोड निवासी तथा पेंटिंग का काम करने वाला २३ वर्षीय पति अपनी ९ माह पूर्ण हो चुके गर्भवती पत्नी को प्रसव के लिए वहां लाया था. उस लडक़ी की उम्र भी डॉ. गुंजन को संदिग्ध लगी, उसके भी आधार कार्ड की जांच करने पर लडक़ी की उम्र १७ वर्ष १६ दिन पाई गई थी. उसने एक लडक़े को जन्म दिया है. नया नगर पुलिस थाने के वरिष्ट पुलिस निरीक्षक विलास सूपे ने पुलिस थाने अंतर्गत के सभी डॉक्टर और प्रसूति गृह में जांच के लिए आने वाली गर्भवती के उम्र की जांच करने की हिदायत दी है. साथ ही नाबालिग लडक़ी होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने के आशय का पत्र भी शीघ्र जारी करने की बात सूपे ने कही है.

कंटेनर सडक किनारे पलटने से कई लोग जखमी

जेकेएस संवाददाता

मीरा रोड : काशीमीरा पुलिस स्टेशन अंतर्गत काजू पाडा में एक भीषण सड़क दुर्घटना में ४ लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। एक कंटेनर सडक किनारे पलट गया, जिसकी चपेट में आने से एक कार और टैम्पो नीचे दब गया, जिसमें ४ लोग सवार थे। समय रहते ट्रैफिक पुलिस तत्काल मौका–ए–वारदात पर पहुंच गई और चारों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। फिर भी उन्हें निकालने में पुलिस को घंटे भर मशक्कत करनी पडी। जिन्हें इलाज के लिए काशीमीरा के ऑर्बिट अस्पताल में भर्ती कराया। यह घटना बुधवार को ठाणे से गुजरात की ओर जाने वाले मार्ग पर घटित हुई। जिसमें काजूपाडा के पास कंटेनर चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और सडक़ किनारे पलट गई। कंटेनर के पलटने से उसके बांयी ओर चल रही एक कार और टेम्पो कंटेनर के नीचे दब गए। कार में एक डॉक्टर व ड्राइवर और टेंपो में चालक तथ क्लीनर सवार थे। चारों बाल–बाल बच गए, जिन्हें पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

भव्य दहीकाला महोत्सव २०२३
Rs.5,55,555/-
गोविंदा पथकांचे ह
महोत्सव २०२३

महाराष्ट्र के उपमुख्य मंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस जी के उपस्थिती में उत्तर मुंबई के लोकप्रिय सांसद श्री गोपाल शेट्टी जी मुंबई के अध्यक्ष एडवोकेट आमदार श्री आशिष शेलार ,आमदार श्री प्रवीन दरेकर कोरा केन्द्र ग्राउंड नम्बर ३ बोरीवली पश्चिम में शामिल हुए.

एकच ध्यास...
प्रभागाचा विकास...

भाजपा मा. जिल्हा उपाध्यक्ष जनसेवक श्री प्रमोद पाटील जी के जनसंपर्क कार्यालय मे शिक्षक दीन के अवसर पर जीवन मे आकार व समय समय पर मार्गदर्शन करनेवाले गुरुजनों का पेन व पुष्प गुच्छ दे कर सम्मान किया! सभी ने दो शब्द काहकर उचित मार्गदर्शन दिया.सभी शिक्षकगणो का आभार प्रकट किया!

डकैती डालने की तैयारी में आए तीन लुटेरे गिरफ्तार

जेकेएस संवाददाता

मुंबई : मुलुंड स्थित एक ज्वेलर्स की दुकान पर डकैती डालने की तैयारी में आए तीन डकैतों को मुलुंड पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मुलुंड–पश्चिम के मनोहर ज्वेलर्स के सामने पुलिस ने अपनी गस्ती के दौरान रात करीब डेढ़ बजे कुछ संदिग्धों को देखा, जो अपने मुंह पर रुमाल बांधे हुए इधर–उधर ताक–झांक कर रहे थे। पुलिस को देखते ही वे लोग भागने की फिराक में थे कि पुलिस की टीम ने उन्हें धर दबोचा। मुलुंड पुलिस ने जब उन लोगों से कड़ाई से पूछताछ की तो आरोपी सकपका गए। पुलिस ने उनके पास से लोहे का कटर, स्क्रू ड्राइवर व एक्सोब्लेड व अन्य साहित्य बरामद किए। पुलिस उपायुक्त पुरुषोत्तम कराड के निर्देश पर वरिष्ट पुलिस निरीक्षक के मार्गदर्शन में मुलुंड पुलिस के एपीआई करांडे व उनकी टीम ने यह मामला दर्ज कर तीनों को कोर्ट में पेश किया, जहां आरोपियों को पुलिस रिमांड में भेजा गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटींग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9757262120 Email :newsjankalyanseva@gmail.com Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI